सन्मार्ग

Live News & Epaper
http://www.live7tv.com

## एक झलक

### स्प्रिट माफिया गिरफ्तार

**मोतिहारी/सं।** कुख्यात स्प्रिट माफिया बीरा यादव ने पुलिस दबिश के बाद कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया है कि कुख्यात के विरुद्ध रघुनाथ पुर थाने में 4 मामला दर्ज है। वही उत्पाद थाना के कई केस में वह वांटेड था। पुलिस दबिश के बाद तुरकौलिया के लक्ष्मीपुर निवासी बीरा यादव ने कोर्ट में सरेंडर किया है। स्प्रिट के उक्त धंधेबाज का पुलिस को जहरीली शराब से मौत के मामले भी तलाश रहा है।

### दीपावली को लेकर बाजारों में ग्राहकों की उमड़ी भीड़

**सुगौली/पू.च/सं।** दीपावली को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सभी बजारों में पुरे दिन ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली। गांव की भीड़ शहर की ओर सुबह से ही पहुंचकर दीपावली में उपयोगी सामग्री की खरीदारी में जुटे रहे। प्रखंड के छपवा, सुगौली मुख्य बजार में सुबह से देर शाम तक खरीदारों का भीड़ देखी गई। इसके अतिरिक्त प्रखंड के भटहां, छपरा बहास, करमवा रघुनाथपुर आदि बजारो में भी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। जहां सर्वाधिक भीड़ किराना दुकान पर खरीदारी करते दिखी। वहीं मिट्टी की मूर्ति, दीया, कलश, ढक्कन की बिक्री भी खूब हुई। वहीं इस अवसर पर विभिन्न बाजारो में रंग-बिरंगे पटाखों की दुकाने सज गई है। बच्चों को पटाखे की खरीदारी को लेकर खुषी देखते ही बन रही है। दुसरी ओर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तत्पर है। खासकर भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस गश्त तेज दिखी। सभी लोग दीपावली की तैयारी में लगे रहे। इसको लेकर घरो की साफ सफाई अंतिम चरण में है। मुख्य बजारों में काफी रौनक है। जो छठ तक बना रहेगा।

### सीओ ने पटाखे की दुकानदारों को दी कड़ी चेतावनी

**आदापुर/पू.च/सं।** दीपावली पर्व को लेकर अंचलाधिकारी ने श्यामपुर बाजारो एवं विभिन्न चैक चैराहों पर लगे पटाखे की दुकानदारों को हिदायत देते हुए चैकसी बरतने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि श्याम पुर बाजार में विगत तीन दिनों दिवाली छठ पर्व को लेकर भारी भीड़ लग रही है तथा वाहनों के भीड़ से आने- जाने वाले लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सीओ अनामिका सिंह ने सशस्त्र बल के जवानों के साथ चैंक-चैराहों परिभ्रमण कर समस्या को हल किया, मिठाई दुकान, पटाखे की दुकान सबको किया कि किसी प्रकार के अनहोनी न हो।

### बिना हेलमेट व अधूरे कागजात वाले बाइक चालकों से वसूला गया जुर्माना

**चिरैया/पू.च/सं।** पुलिस ने बुधवार को विशेष अभियान के तहत ब्लॉक रोड स्थित दुर्गा मंदिर चैक पर वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान लगभग एक दर्जन से अधिक वाहन चालकों से जुमार्ने की राशि वसूल की गई है। दीपावली को लेकर बाजार में काफी भीड़ भाड़ थी। लिहाजा वाहन जांच में अधूरे कागजात एवं बिना हेलमेट वाले बाइक चालकों में हड़कंप मच गई। जांच की सूचना मिलने पर कई दोपहिया वाहन चालक को रास्ता बदलते व पीछे लौटते देखा गया। विशेष अभियान का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर खगेश झा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दीपावली व छठ पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिससे कि असामाजिक तत्वों व बिना कागजात के वाहन की पहचान हो सकें। इस दौरान अधूरे हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस एवं ट्रिपल लोडिंग वाले बाइक चालकों से जुमार्ना की राशि वसूल की गई है।

### पकड़ीदयाल-मधुबन बाजार स्थित दर्जनों मिठाई दुकानों की एसडीओ ने की जांच

**मोतिहारी/सं।** अनुमंडल पदाधिकारी पकड़ीदयाल के द्वारा पकड़ीदयाल एवं मधुबन नगर क्षेत्र के दर्जनों मिठाई दुकानों की जांच की गई। दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा लगातार नगर क्षेत्र स्थित मिठाई की दुकानों की जांच कराई जा रही है। लिहाजा मंगलवार की देर संध्या अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पदाधिकारियों की टीम पकड़ीदयाल एवं मधुबन नगर क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा दुकानों मिठाई की दुकानों की जांच की गई एवं सैंपल कलेक्ट किया गया।

# लोकस्था का महापर्व को लेकर छठ घाटों का निरीक्षण

### प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश

**सुगौली/पू.च/सं।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर पंचायत स्थित छठ घाटों का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन किरण, अंचलाधिकारी कुंदन कुमार, थाना अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि विकाश शर्मा के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सुरक्षा के हर मानकों को ध्यान में रखते हुए मेडिकल टीम की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी, ताकि हर परिस्थिति का सामना किया जा सके, वही अंचलाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि नदी में गोताखोर और नाव व नाविक की समुचित व्यवस्था किया जाएगा, ताकि किसी तरह की अनहोनी ना हो सके, वहीं थाना अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था सहित सुरक्षा के हर बिंदु को चिन्हित कर लिया गया है। जबकि उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा ने बताया कि सुगौली सिकरहना नदी घाट पर नगर प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के तहत नदी में बैरिकेटिंग लगाने, छठ घाट पर व छठ घाट से सुगौली बस स्टैंड चैक तक व सुगौली गांव तक लाईट की समुचित व्यवस्था, चेंजिंग रुम, नियंत्रण कक्ष, सेल्फी प्वाइंट, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था किया जाएगा साथ ही नगर के सभी छठ घाट तक छठ व्रतियों के सुगमता को देखते हुए सड़क मार्ग की साफ सफाई एवं मरम्मती का कार्य प्रारंभ है। निरीक्षण के क्रम में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुजीत सहनी, व्यावसायिक संघ अध्यक्ष अशोक प्रसाद, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष प्रियांशु सर्राफ, रमाकांत सहनी सहित कई अन्य लोग मौजूद थें।

## श्रीसोमेश्वर नाथ महोत्सव स्थल का डीएम व एसपी ने लिया जायजा



**मोतिहारी/सं।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा अरेराज में आगामी 04 एवं 05 नवंबर को आयोजित होने वाले श्रीसोमेश्वर नाथ महोत्सव के आयोजन स्थल का भ्रमण कर महोत्सव की तैयारी एवं विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी सौरभ सुमन यादव, अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज अरुण कुमार, रंजन कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरेराज, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी अरेराज भी उपस्थित थे। आयोजन स्थल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा आयोजन स्थल पर सीसीटीवी कैमरा पर्याप्त संख्या में लगाने, कार्यक्रम का ड्रोन से निगरानी रखने एवं डीएफएमडी के माध्यम से आगंतुकों का प्रवेश सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह बड़ा आयोजन है। इसमें पार्श्व गायक सहित ख्याति प्राप्त कलाकार भाग ले रहे हैं। ऐसे में इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रहेगी। इसके लिए भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करना होगा। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को सभी जरूरी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि आयोजन स्थल के पास सम्यक रूप से वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी रहे, ताकि बाहर से आने आने वाले लोगों को कोई असुविधा न हो। वहीं उन्होने श्रीसोमेश्वर नाथ महोत्सव के आयोजन का प्रचार प्रसार व्यापक रूप से कराने का भी निर्देश दिया।

# एसडीएम ने नगर क्षेत्र के 16 विद्यालयों का किया सोशल एडिट

### पायी गई भारी अनियमितता, होगी कार्रवाई

**सुगौली/पू.च/सं।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी स्वेता भारती ने बुधवार को नगर के 16 विधालयों के लेखाजोखा का सोशल एडिट किया। जिसके बाद उन्होंने बताया कि इन विधालयों के क्रिया-कलाप की पूर्व से मॉनेटरिंग की जा रही थी। उसी को लेकर मुख्यालय स्थित बीआरसी में सभी 16 विधालयों के प्रधानाध्यापकों के लेखा-जोखा की सोशल एडिट की गई। जिसके बाद एसडीएम ने बताया कि मध्य विद्यालय सुगौली कन्या, मध्य विधालय सुगौली लेन हिंदी, प्राथमिक विधालय नौआडीहा और उत्तक्रमित मध्य विद्यालय सुगौली गांव में मध्याह्न भोजन में भारी अनियमित्ता पायी गई। छात्रों की उपस्थिति से कई गुना अधिक हाजिरी बनाई गई पायी गई। विधालयों में हैंड वाश नही थी। उन्होंने बताया कि इस तरह की भारी अनियमितता को लेकर इन चारों विधालयों के प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण पूछा जाएगा और नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। साथ हीं 16 विधालयों के एचएम से मध्याह्न भोजन, चाहरदीवारी, किचेन, अग्निशमन, शौचालय, सफाई, किचेन वाटिका सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी ली गई। जांच के समय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम विजय यादव, प्रखंड एमडीएम प्रभारी सहित प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

**शपथ पत्र**

मैं, सोनम कुमारी पुत्री रामनन्दन प्रसाद ग्राम लखैपुर, पो. लखैपुर, थाना मोहनपुर, जिला गया राज्य बिहार की निवासी हूं। मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र के अनुसार मेरा नाम सोनम कुमारी है जबकि आधारकार्ड सं. 9485 9646 3037 पर मेरा नाम सोनी कुमारी अंकित है। आज से अपने समस्त कार्य हेतु सोनम कुमारी पिता रामनन्दन प्रसाद के नाम से जानी जाउंगी। शपथ पत्र सं. 837 दिनांक 19.10.2024

# पुलिस की सक्रियता से अपहत्ता बच्चे को छोड़ कर भागे

### केसरिया बिजधरी की घटना

**मोतिहारी/सं।** केसरिया थाने के बिजधारी ओपी क्षेत्र में सोनरापुर गांव के एक नाबालिक बच्चा के अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस की सक्रियता के बाद अपहर्ता बच्चे को छोड़कर भाग निकले। बताया गया इस मामला के प्रकाश में आते ही पुलिस कार्यवाही तेज हो गई है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने तत्काल चकिया डीएसपी सहित आसपास के थानेदार को निर्देश दिया। अलबत्ता केसरिया की डायल 112 की गाड़ी का सायरन सुनते ही अपहर्ता बच्चे को छोड़ भाग निकले। पुलिस कप्तान के सख्ती का असर अब महकमा सहित अपराधियों में साफ दिखने लगा है। बताया गया है कि सुनरापुर गांव के वृति टोला निवासी अंकित कुमार को स्कूल के नजदीक ही बाइक सवार बदमाशों ने चॉकलेट का लालच देकर बाइक पर बैठा कर चल दिये। इस बीच शक होने पर लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। तत्काल केसरिया थाने की डायल 112 की टीम घटना स्थल की ओर निकल गई, जिसके सायरन की आवाज सुनने के बाद अपहत्त्रा पुलिस के भय से बच्चे को बाइक से उतार कर भाग निकले। पुलिस टीम में डीएसपी चकिया सतेंद्र कुमार सिंह, केसरिया थानाध्यक्ष मुनीर आलम, बिजधरी ओपी प्रभारी राजीव कुमार आदि शामिल थे।

### प्रशासन की सोशल मीडिया रहेगी विशेष नजर : थानाध्यक्ष

**तुरकौलिया/पू0च/सं।** दीपावली व छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता सीओ संतोष कुमार, मुफ्फसिल इंस्पेक्टर अरशद राज व थानाध्यक्ष सुरेश यादव ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में जनप्रतिनिधि और समाजसेवी शामिल हुए। बैठक में शामिल हुए लोगों ने अपने अपने क्षेत्र के छठ घाटों के बारे में बताया। जहां अनिल प्रसाद ने बताया कि प्रखंड के सबसे बड़े छठ घाट तुरकौलिया गांधी घाट पर ज्यादा भीड़ होती है। तीन चार पंचायत के छठ व्रती छठ करने आती है। यहां पर पुलिस बल की अधिक जरूरत पड़ेगी। इसपर थानाध्यक्ष ने कहा पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। वही उन्होंने कहा कि पानी मे बैरिकेटिंग करना आवश्यक है। सभी घाटों पर ऐसी व्यवस्था करना होगा।

# अरेराज की ओम स्वीट्स मिठाई दुकान का कारखाना सील, संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

### एसडीओ की जांच में मिली फंगसयुक्त खोवा का हो रहा था इस्तेमाल

### नाबालिग से भी दुकान में लिया जा रहा था काम



**मोतिहारी/सं।** अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज के नेतृत्व में पदाधिकारियों की टीम के द्वारा अरेराज नगर क्षेत्र स्थित विभिन्न मिठाई के दुकानों की जांच की गई थी। इसी क्रम में मिठाई बनाने वाले कारखाने (गोदाम) की भी जांच की गई। जांच के दौरान भैरो स्थान, वार्ड नंबर 07, नहर स्थित ओम स्वीट्स के गोदाम में छापेमारी के क्रम में फंगस लगा हुआ, पुराना और अस्वाथ्यकारी कच्चा पदार्थ जैसे खोवा इत्यादि पाये गये। इसी गोदाम में 18 वर्ष से कम उम्र के श्रमिक को काम करते पाया गया एवं सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी के उल्लंघन करने के सम्बंध में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिया गया। लिहाजा सुरक्षा चूक, पर्यावरण प्रदूषण एवं जन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक परिस्थितियों को देखते हुए तत्काल कारखाना को सील कर दिया गया। और फंगस लगे हुए खोवा को जप्त कर लिया गया। जांचोपरांत कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, अरेराज को प्राप्त अनियमितताओं के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी को प्रतिवेदित करने का निदेश दिया गया था। कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत के द्वारा बताया गया है कि जांच में जो अनियमितता पाई गई, उसके विरुद्ध अरेराज थाना पुलिस में में ओम स्वीट्स के संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया है कि यह प्राथमिक की बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 की धारा 348 (2) के अंतर्गत दर्ज कराई गई है। दर्ज कराए गए प्राथमिक में अस्वास्थ्यकर खाद्य सामग्री का इस्तेमाल दिवाली के अवसर पर मिठाई बनाने में किया जा सकता है, जो लोग स्वास्थ्य के प्रतिकूल होगा।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–37/टी.आर/डी./डी.एन.आर/ओ.टी./24–25**

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

निविदा संख्याःटी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./37/24–25, 1. कार्य का नाम एवं स्थान : दानापुर मंडल पर ए.सी.टी.एस. के अनुसार आर.ओ.बी., एफ.ओ.बी., प्लेटफार्म शेड और गर्डर पुल की बॉन्डिंग और अर्थिंग का पुनर्वास। 2. कार्य की अनुमानित लागत (मूल्य एन.आई.टी. मूल्य) :₹26,74,057.95, 3. अग्रधन राशि : ₹53,500/–, 4. निविदा खुलने एवं जमा करने की तिथि और समय : निविदा 12.00 बजे तक www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा करनी होगी। खुलने की तारीख यानी 20.11.2024 को और उसी दिन 12.00 बजे खोला जाएगा। 5. वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है आदि। : विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज सी.आर.आई.एस वेबसाईट : http: //www.ireps.gov. in पर देखे जा सकते हैं और नोटिस का पूरा विवरण सीनियर डी.ई.ई. (टी.आर.डी.)/ पूर्व मध्य रेलवे/दानापुर के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। यदि आवश्यक हुआ तो सभी शुद्धिपत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक /
पूमरे/दानापुर

पीआर/01418/डीएनआर/ईटीआरडी/टी/24–25/40

## सफाई कर्मियों ने आश्वासन के बाद हड़ताल किया समाप्त

**रक्सौल/पू0च/सं।** विगत 28 अक्टूबर से अपनी पांच सूत्री मांगों के समर्थन में हड़ताल कर रहे नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को अपना आंदोलन स्थगित कर दिया और काम पर लौट गये। दैनिक मजदूरी पर काम करने वाले सफाई कर्मी वेतन वृद्धि के साथ-साथ अपनी अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। जिसके कारण शहर की सफाई व्यवस्था चैपट हो गयी थी। जहां दीपावली के समय लोग अपने-अपने घरों की साफ-सफाई में जूटे थे, वहीं नगर परिषद के सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण शहर की सड़कों पर कूड़ा-कचड़े का अंबार लग गया था।

# पशु चिकित्सको की देखरेख में चल रहे एफएमडी टीकाकरण कार्यक्रम का हुआ समापन

### टीकाकरण से पशुओं को होने वाली बीमारियों से बचाने में मिलेगी मदद: डॉ. बर्मन

**सुगौली/पू.च/सं।** प्रखंड में एक सप्ताह से चले आ रहे पशु टीका शिविर अवर प्रमंडल पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशिभूषण सिंह और प्रभारी पशु चिकित्सक डॉ रविशंकर देव बर्मन की देख-रेख में बुधवार को समाप्त हो गया। पशु टीकाकर्मी संघ के सुगौली प्रखंड अध्यक्ष सुबोध कुंवर ने बताया की सरकार हमलोग से कोई भी पशु टीकाकरण करा लेती है, परन्तु समय पर मानदेय का भुगतान नहीं करती। मानदेय के लिए जिला पशुपालन कार्यालय से संपर्क किया जाता है तो अधिकारी डाट फटकार भगा देते है। उन्होंने कहा की सरकार के उदासीन रवैया के कारण हम सभी कर्मी एफएमडी टीकाकरण कार्य का बहिश्कार करने का फैसला किये थे। श्री कुंवर ने कहा की हमारे टीकाकर्मी अवधेश कुमार गुप्ता से अवर प्रमंडल पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशिभूषण सिंह से दूरभाष पर बात हुई है, उन्होंने आश्वासन दिया है की किसी भी टीकाकर्मी से दुर्व्यवहार नहीं किया जायेगा, आप लोग कार्य किजिये, सभी को मान सम्मान मिलेगा। वही इस सम्बन्ध में पशु टीकाकर्मी सह स्वयंसेवक श्री गुप्ता ने कहा की एसएएचओ डॉ. सिंह नेक दिल इंसान है।

## मिडिल स्कूल उर्दू पीपरा में रंगोली प्रतियोगिता

### रंगोली बनाने के दौरान प्रतिभागियो का मस्तिश्क पूरी तरह से सकारात्मक: प्रधानाध्यापक



**आदापुर/पू.च/सं।** धनतेरस, यमपूजा, लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा और भैया दूज तक चलने वाले उत्सवों के पांच दिवसीय सीरीज के दूसरे दिन बुधवार को दरपा थाना क्षेत्र के अंतर्गत यूएमएस बीएमसी उर्दू पीपरा में खेल की घंटी में बच्चों के बीच भव्य रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता की शुरूआत बिहार गीत से हुई। मेंटर का कार्य शिक्षक चन्दन कुमार ने किया। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को गुलाब, कमल, गेंदा, चमेली और चंपा पांच समूहों में विभाजित किया गया था। प्रत्येक समूह को पूर्व निर्धारित थीम पर रंगोली बनाना था। बच्चों ने आकर्षक रंगोली बनाई। वे परस्पर दीपावली की बधाईयां भी दी। प्रतिभागियों को दीपोत्सव के अवकाशोपरांत विद्यालय संचालित होने पर पुरस्कृत किया जाएगा।

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

**ICICI Bank** **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता 700020. CIN No: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पवन कुमार अग्रवाल/ निखिल कुमार अग्रवाल/ थाना, सदर, पोस्ट गुलाबबाग, वार्ड नंबर 36, हांसदा रोड, जिला पूर्णिया, बिहार, पूर्णिया–854326/ LBPUP00006027860 | व्यावसायिक दुकान यूजी नंबर 08 और 09 और 10, ऊपरी भूतल, ब्लॉक बी, प्रोजेक्ट ''आर आर प्लाजा'', मोहल्ला रंगभूमि मैदान, गांधी नगर, डब्ल्यू. नंबर 13/16, तौजी नंबर 8/5, थाना नंबर 123/1, पी.एस. के. हाट, मौजा मधुबनी, परगना हवेली, पूर्णिया नगर निगम, नगर परिषद पूर्णिया, उप रजिस्ट्री कार्यालय सदर पूर्णिया, जिला पूर्णिया, बिहार/ क्षेत्रफल सुपर एरिया 1680 वर्ग फीट (लगभग) या कार्पेट एरिया 1008 वर्ग फीट (लगभग), दुकान के साथ भूमि में अविभाजित आनुपातिक हिस्सा।/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 29.10.2024 | 09/04/2024 रु. 63,83,653/- | पूर्णिया |

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(यॉं) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : अक्टूबर 30, 2024
स्थान : पूर्णिया

भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

# रथ के माध्यम से किसानों को दी जायेगी तकनीकी जानकारी



### डीएम ने दिखायी हरी झंडी

**मोतिहारी/सं।** रबी महभियान 2024 अंतर्गत किसान जागरूकता वाहन को सौरभ जोरवाल, जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त रथ जिले के सभी प्रखंडों का भ्रमण करेगी तथा रबी से संबंधित योजनाओं के बारे में डिस्प्ले के माध्यम से जानकारी प्रदर्शित कर किसानों को रबी की खेती के प्रति जागरूक करेगी। रथ के माध्यम से कृषि यांत्रिकरण योजना, बागवानी विकास योजना, आत्मा योजना, जलवायु अनुकूल खेती तथा रबी फसलो का बीज वितरण के बारे में किसानों को तकनीकी जानकारी मिलेगी। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी -सह- परियोजना निदेशक आत्मा मनीष कुमार सिंह, उप परियोजना निदेशक आत्मा धीर प्रकाश धीर, नगर आयुक्त सौरभ सुमन, सहायक निदेशक उद्यान विकास कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सदर प्रभात कुमार, कार्यपालक सहायक धनंजय चैरसिया सहित अन्य मौजूद थे।

## उप विकास आयुक्त ने किया ग्रामीण मार्ट का उद्घाटन

**मोतिहारी/सं।** आदापुर प्रखंड के बेलवा ग्राम पंचायत में मनरेगा द्वारा निर्मित ग्रामीण मार्ट का उद्घाटन उप विकास आयुक्त के द्वारा किया गया। उद्घाटन के दौरान निदेशक, डीआरडीए, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), कार्यक्रम पदाधिकारी, आदापुर, स्थानीय मुखिया, अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में जीविका दीदीयां उपस्थित थी। जीविका दीदीयों के संबोधन के क्रम में उप विकास आयुक्त के द्वारा बताया गया कि यह जो ग्रामीण मार्ट है, उससे मनरेगा श्रमिकों के भुगतान में सहुलियत आएगी। पहले मनरेगा के श्रमिकों को विशेष मजदूरी मिलने में 15 दिन लग जाते है। इस दौरान उनके जीवन-यापन में कठिनाईयां आती है। इस मार्ट से उन्हें मदद मिलेगी। यह मार्ट मनरेगा से निर्मित हुआ है एवं जीविका के द्वारा संचालित किया जाएगा।

**Mahindra FINANCE**

**पंजीकृत कार्यालयः** गेटवे बिल्डिंग, अपोलो बंदर, मुंबई-400 001
**कॉरपोरेट कार्यालयः** बी विंग, तीसरी मंजिल, अगस्ता कॉरपोरेट पार्क, पीरामल अमिटी बिल्डिंग, कमानी जंक्शन, कुर्ला वेस्ट मुंबई-400 070

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना नियम 8(6) के अधीन**

**प्रतिभूतिकरण तथा वित्तीय सम्पत्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("सरफेसी अधिनियम") के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन)नियम, 2002 के नियम 8(6) ("नियम") के प्रावधान के अधीन बैंक के समक्ष प्रभारित अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतद्द्वारा आमतौर पर जनसाधारण तथा विशेष रूप से कर्जदार, गारंटीदाता(ओं) तथा गिरवीदाता (ओं) को सूचना दी जाती है कि महिन्द्रा एंड महिन्द्रा फाइनैंशियल सर्विसेस लि. (प्रत्याभूत ऋणदाता/एनबीएफसी) के पास गिरवी पर रखी गई/प्रत्याभूत नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्तियों (जिसे सामूहिक रूप से सम्पत्ति कहा गया है) पर बैंक के अधिकृत अधिकारी द्वारा सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के साथ पठित नियमों के अनुसार नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार कब्जा कर लिया गया है, उसे नीचे उल्लेखित बैंक के बकाया रकम साथ में उस पर ब्याज की रकम की वसूली के लिए निम्नलिखित ई-नीलामी अनुसूची के अनुसार बोलियां आमंत्रण के माध्यम से नियमों के नियम 8 एवं 9 के अनुसार जैसे है जहां है, जैसे है जो कुछ है, वहां जो कुछ है एवं बिना किसी दायित्व के आधार पर बिक्री की जाएगी।

**पार्टियों, बकाया रकम एवं सम्पत्ति का विवरण**

| कर्जदार एवं गिरवीदाता का नाम | मांगी गई रकम, मांग सूचना की तारीख एवं कब्जा सूचना की तारीख | सम्पत्ति निरीक्षण की तारीख एवं समय | बोलियों के साथ दस्तावेज प्राप्त करने की अंतिम तारीख | ई-नीलामी की तारीख एवं समय | आरपी, ईएमडी एवं बीआईए | अधिकृत अधिकारी का नाम, सम्पर्क नं. एवं ईमेल आईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सैतम ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड. (कर्जदार) और योगेन्द्र कुमार राय (गिरवीदाता) | मांगी गई रकम रु.4,24,58,055.15/- (चार करोड़ चौबीस लाख अट्ठावन हजार पचपन रुपये और पंद्रह पैसे मात्र 28.03.2017 तक 13(2) मांग सूचना दिनांक : 30.03.2017 कब्जे की तारीख : 10.04.2023 | 11.11.2024 से 15.11.2024 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 05.00बजे तक | 17.11.2024 | ई-नीलामी की तारीख 18.11.2024 ई-नीलामी की समय पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 05.00बजे तक | आरक्षित मूल्य रु. 1,44,27,400/- (एक करोड़ चौवालीस लाख सत्ताईस हजार चार सौ रूपये मात्र) बायना राशि जमा रु. 14,42,740/- (रुपए चौदह लाख बयालीस हजार सात सौ चालीस मात्र) बोली बृद्धि रकम रु.1,00,000/- (एक लाख रुपये मात्र) | श्री समरजीत खोखर +91 9756311118 KHOKHAR.SAMARJEET @mahindra.com सुश्री तृप्ति परवादी +91 9158356607 PARVADI.TRUPTI @mahindra.com श्री दीपक वव्हाले +91 9975421187 wavhale.deepak @mahfin.com |

**संपत्ति(यों) का विवरण- मद संख्या I-A** औद्योगिक एवं वाणिज्यिक भूमि एवं भवन के उस पूरे टुकड़े के बंधक के रूप में प्रथम एवं अनन्य प्रभार के साथ-साथ उस पर सभी शेड, संरचनाएं, सुपर-स्ट्रक्चर, फिटिंग, विद्युत अधिष्ठापन या भूमि पर कोई अन्य संरचनाएं- औद्योगिक प्लॉट संख्या 80 (पी) पोस्ट ऑफिस- तिलरथ बरौनी औद्योगिक क्षेत्र, बरनी, पूर्णिया हाईवे, अंचल-बरौनी-851122 श्री योगेंद्र प्रसाद राय एवं श्री संजीव के राय- निदेशक सैतम ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व में हैं। भूमि का ब्योरा इस प्रकार है: **डीड संख्या 7430 दिनांक 24 दिसंबर 2014-**मौजा-देवना थाना संख्या 535 तौजी संख्या-1218 खाता संख्या 05 खेसरा संख्या 62(पी) एवं मौजा-माखोपुर थाना संख्या 534 तौजी संख्या-3973 खाता संख्या 19 खसरा नं. 53(पी) 54(पी) औद्योगिक प्लॉट नं. 80(पी) क्षेत्रफल-28314 वर्ग फीट। अंचल- बरौनी। **चौहद्दी**:-उत्तर-मेसर्स दुर्गा केमिकल्स; दक्षिण-औद्योगिक प्लॉट नं. 62(पी)., पूरब-औद्योगिक रोड; पश्चिम-मेसर्स चार्म उद्योग
**डीड नं. 7429 दिनांक 24 दिसंबर 2014:** मौजा-देवना थाना नं.-535 तौजी नं.-1218 खाता नं. 05 खेसरा नं. 62(पी) एवं मौजा-माखोपुर थाना नं. 534 तौजी नं.-3973 खाता नं. 19 खेसरा नं. 53(पी) 54(पी) औद्योगिक प्लॉट संख्या 80(पी) क्षेत्रफल-7899 वर्ग फीट, अंचल-बरौनी। **सीमाएं:-** उत्तर-औद्योगिक प्लॉट संख्या 62(पी); दक्षिण- मेसर्स स्टार प्लस इंडस्ट्रीज, पूर्व-औद्योगिक रोड; पश्चिम- मेसर्स चार्म उद्योग

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया पर प्रदत्त https://www.mahindrafinance.com/sme-loans/auction-notices लिंक देखें या अधिकृत अधिकारियों से संपर्क करें और ई-नीलामी मार्गदर्शन के लिए संपर्क व्यक्ति श्री बालाजी मन्नूर, मोबाइल नंबर: 7977701080, ई-मेल-आईडी: Mannur.govindarajan@c1india.com से संपर्क करें।

दिनांक: 31.10.2024 | स्थान: बेगूसराय, बिहार

हस्ता/- अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड